## संक्षिप्त

### शिविर 15 मार्च को

**निवाई।** श्री दिगम्बर जैन महासमिति महिलांचल निवाई ईकाई द्वारा भगवान महावीर के 2625 वें जन्मोत्सव के एवं आदिनाथ जयंती के उपलक्ष्य में श्री शांतिनाथ दिगम्बर अग्रवाल सेवा सदन पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संचालक शशी सोगाणी व ममता सांवलिया ने बताया कि दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर के तत्वावधान में एवं दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के सहयोग से 15 मार्च को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। अग्रवाल युवा परिषद के प्रवक्ता विशाल गिंदोडी ने बताया कि शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला प्रमुख सरोज बंसल एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महिला महासमिति की रेखा जैन द्वारा किया जाएगा। इसी प्रकार शिविर में चित्रावरण लालचन्द कठमाणा एवं दीप प्रज्जवलन मोहित चंवरिया द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में अग्रवाल युवा परिषद, पंछी फाउंडेशन संस्था, रक्तादान शिविर समिति एवं जैन सखी संगठन विशेष सहयोग कर्ता होंगे। उन्होंने बताया कि रक्तादन शिविर की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है।

### सेवास्तंभ महासंघ के अध्यक्ष पद पर देवाल मनोनीत

**फुलेरा।** अखिल भारतीय अनुसूचित जाति-जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कर्मचारी कल्याण महासंघ (सेवास्तंभ) राजस्थान द्वारा संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से नई नियुक्ति की गई है। महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष जी.एल. कालोया (पूर्व न्यायाधीश) के निर्देशन एवं प्रदेश महासचिव रवि शंकर की अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष दिनेश जाटोलिया ने राजकुमार देवाल को फुलेरा विधानसभा क्षेत्र का अध्यक्ष नियुक्त किया है। जारी कार्यालय आदेश में कहा गया है कि नव नियुक्त अध्यक्ष संगठन के संविधान के अनुरूप कार्य करते हुए अनुसूचित जाति-जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कर्मचारियों के हितों की रक्षा तथा संगठन के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे साथ ही उनके नेतृत्व में संगठन को फुलेरा क्षेत्र में और मजबूती मिलने तथा कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी प्रयास होने की उम्मीद जताई गई।

### सत्रांत संगोष्ठी आयोजित

**निवाई।** सरस्वती विद्या मंदिर के पांचजन्य सभागार में सत्रांत माध्यमिक, उच्च प्राथमिक, शिशु वाटिका आचार्य/आचार्या संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में सत्रांत व 1 अप्रैल से नवीन सत्रारंभ को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य गोविंद नारायण शर्मा ने कहा कि नवीन सत्र में शैक्षिक गुणवत्ता के साथ ही संस्कार युक्त आचरण व बच्चों के सर्वांगीण विकास को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों, प्रभावी विद्यालय प्रबंधन, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा आधुनिक शिक्षण पद्धितयों जैसे विषयों पर विशेष ध्यान देना होगा। इस दौरान नवीन प्रवेश व ठहराव सहित कई विषयों पर चर्चा की गई। सहायक प्रधानाचार्य मोहनलाल शास्त्री, सीमा माथुर, मुकेश शर्मा व शिवराज पाराशर ने नवीन सत्र के लिए कई सुझाव दिए। संगोष्ठी में कई आचार्य व आचार्या उपस्थित रहे।

### सम्मेलन 12 को

**पावटा।** विराटनगर क्षेत्र में बाणगंगा मेड जयपुर देहात उत्तर द्वारा केंद्रीय एवं राज्य बजट 2026-27 को लेकर श्रमिकों के साथ संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा श्रमिक संवाद सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह सम्मेलन 12 मार्च 2026 (गुरुवार) को प्रातः 10:00 बजे आयोजित होगा। कार्यक्रम का आयोजन बाणगंगा, मैड़ विराटनगर जयपुर देहात उत्तर में किया जाएगा। सम्मेलन में भाजपा विधायक कुलदीप धनकड, प्रदेशाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा महेंद्र कुमावत, जिलाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा गौरव यादव सहित पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में श्रमिक वर्ग के लोग शामिल होंगे।

### शीतलाष्टमी मनाई

**दूदू ।** कस्बे एवं आसपास के गांवों में शीतला अष्टमी के दिन माता की पूजा अर्चना की गई इस अवसर पर माता जी के ठंडे भोजन का भोग लगाया जाकर पूजा अर्चना की गई पश्चात घरों में कल रात को बनाए गए व्यंजनों को ठंडे भोजन के रूप में ग्रहण किया गया मंदिरों में सुबह से ही रावड़ी और पुओ रोटी का भोग लगाने के लिए महिलाओं की भीड़ रंग-बिरंगे परिधानों में लगी रही।

# स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के ब्रांड एम्बेसडर के.के. गुप्ता ने दौसा में बैठक ली

**दौसा ।** स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत राजस्थान सरकार के ब्रांड एम्बेसडर केके गुप्ता ने बुधवार को भांकरी रोड स्थित टाउन हॉल में जिले के सभी नगरीय निकायों के अधिकारियों, रूडीप प्रोजेक्ट तथा जेजेएम योजना से जुड़े अधिकारियों की बैठक लेकर मिशन की प्रगति की समीक्षा की।

बैठक में उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान केवल कुछ दिनों का कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह पूरे वर्ष निरंतर चलने वाला जनआंदोलन है। इसे प्रभावी रूप से धरातल पर उतारने में अधिकारियों और कर्मचारियों की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों के पास पर्याप्त संसाधन, कर्मचारी और बजट उपलब्ध हैं, इसलिए इनका सही उपयोग करते हुए स्वच्छता को शहर के हर हिस्से तक पहुंचाया जाना चाहिए।




केके गुप्ता ने नगरीय निकायों के अधिकारियों, रूडीप प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों की बैठक लेकर मिशन की प्रगति की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता का वास्तविक सर्वेक्षण तब माना जाएगा जब जनता स्वयं हमारे कार्यों की सराहना करे और शहर में दूर-दूर तक कहीं भी गंदगी दिखाई न दे। गंदगी के कारण उल्टी, दस्त, टाइफाइड, डेंगू, मलेरिया और बुखार जैसी गंभीर बीमारियां फैलती हैं, इसलिए स्वच्छता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।

ब्रांड एम्बेसडर ने कहा कि सभी निकायों में डोर-टू-डोर कचरा संठाहण व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए,

- मुख्यमंत्री का संकल्प है स्वच्छ राजस्थान बनाना है इस अभियान को जन आंदोलन बनाकर शहर के हर हिस्से को बनाएं स्वच्छ : ब्रांड एम्बेसडर केके गुप्ता

रात्रिकालीन सफाई सुनिश्चित की जाए तथा सार्वजनिक शौचालयों की नियमित साफ-सफाई कराई जाए। इसके साथ ही खाली प्लॉटों की सफाई, प्लास्टिक मुक्त वातावरण, सड़कों पर आवारा पशुओं की रोकथाम, स्ट्रीट लाइटों की समुचित व्यवस्था, पार्कों की स्वच्छता तथा सड़कों और डिवाइडरों को साफ-सुथरा एवं गड्ढामुक्त रखने पर विशेष ध्यान देने पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की स्वीकृति देते समय यह सुनिश्चित किया जाए कि निर्माण सामठी सड़कों पर न डाली जाए। स्वच्छता के लिए जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है, इसलिए आमजन स्वयं गंदगी न फैलाएं और यदि कोई गंदगी फैलाता है तो उसे रोकने व टोकने की जिम्मेदारी भी निभाएं। बैठक में विभिन्न नगरीय निकायों के अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में संचालित स्वच्छता गतिविधियों और योजनाओं की जानकारी प्रस्तुत की। साथ ही अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सुझावों पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर स्वच्छता के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। बैठक में दौसा नगर परिषद आयुक्त कमलेश कुमार मीणा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी तथा नगर निकायों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## गर्मी से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग सतर्क

**पावटा।** बढ़ते तापमान और संभावित हीटवेव की स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को सजग रखने की दिशा में आवश्यक तैयारियाँ तेज कर दी गई हैं। जिसे लेकर उपजिला अस्पताल प्रभारी डॉ. रवि बंसल ने बताया कि जारी एडवाइजरी के अनुसार उपजिला अस्पताल पावटा में गर्मी से होने वाली बीमारियों के प्रबंधन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जा रही हैं। जारी निर्देशों के अनुसार हीट वेव्स से पीड़ित मरीजों के लिए (वातानुकूलित )बेड आरक्षित करना, ओपीडी, स्टाफ की उपलब्धता, दवाइयां, ऑक्सीजन और आवश्यक उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता, चिकित्सा संस्थानों में एंबुलेंस( सहित)की उपलब्धता, बिजली की निर्बाध आपूर्ति, अस्पताल पहुँचते ही मरीज की स्थिति की गंभीरता के आधार पर उन्हें अलग करना ताकि गंभीर मरीजों को त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया है।

# क्रांति दिवस पर समाज सुधारक ज्योतिबा फुले को किया नमन

**फुलेरा।** बालाजी बाईपास रोड स्थित ज्योतिबा फुले सर्किल पर बुधवार को जय ज्योतिबा फुले क्रांति संघ के तत्वावधान में ज्योतिबा फुले क्रांति दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर सर्वप्रथम महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा की साफ सफाई कर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किए गए। उपस्थित लोगों ने ज्योतिबा फुले अमर रहें और ज्योतिबा फुले जिंदाबाद के नारे लगाकर उन्हें नमन किया।

- लोगों ने ज्योतिबा फुले अमर रहें और ज्योतिबा फुले जिंदाबाद के नारे लगाकर उन्हें नमन किया




फुलेरा में ज्योतिबा फुले क्रांति दिवस मनाया।

कार्यक्रम में भंवर लाल सैनी ने महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन और उनके सामाजिक कार्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका जन्म 11 अप्रैल 1827 को महाराष्ट्र के पुणे जिले के खानवाड़ी गांव में हुआ था। इसी के सम्मान में फुलेरा में प्रत्येक माह की 11 तारीख को जय फूले क्रांति दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर ममता देवी, भंवरलाल साभरिया, भंवरलाल सैनी, गौरीशंकर, जयदेव सैनी, रणवीर शार्दुल, महेश सेन, प्रकाश चेजारा, रतनलाल कांसोटिया, दिलीप जाजोरिया, खुशाल मेहरडा, अहमद आफताब सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने विकास कार्यों की प्रगति जानी

**अलवर।** अलवर जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने रामगढ़ पंचायत समिति सभागार में बैठक लेकर जल संचय, जन भागीदारी अभियान, विकास कार्यों, बजट घोषणाओं और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। विभागों के अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और समयबद्ध प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला कलेक्टर ने कहा अधिक से अधिक जन भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि क्षेत्र में जल संसाधनों का संरक्षण और संवर्धन किया जा सके। उन्होंने विकास कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने और बजट घोषणाओं के तहत स्वीकृत कार्यों को समय सीमा में पूरा करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और अधिकारियों को आमजन तक योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ पहुंचाने के लिए निर्देशित किया।

# 'पीएम सूर्य घर योजना से होने वाले लाभ को लेकर आमजन को जागरुक करें'

**टोंक।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में मंगलवार रात्रि को ग्राम पंचायत झुंडवा में रात्रि चौपाल आयोजित की गई।

रात्रि चौपाल में बीसलपुर पेयजल परियोजना से पेयजल सप्लाई, अवैध शराब की दुकानों को हटाने, अधूरे सड़क निर्माण कार्य को पूरा करने, पेंशन चालू करने, गंदे नाले की साफ सफाई समेत ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने जैसी समस्याओं के प्रार्थना पत्र दिए। जनसुनवाई में जिला कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं से अधिकाधिक पात्र लोगों को लाभांवित करें। साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं स्थाई समाधान करें।

- जनसुनवाई में जिला कलेक्टर ने संवेदनशीलता से ग्रामीणों की सार्वजनिक एवं व्यक्तिगत समस्याओं को सुना



झुंडवा में रात्रि चौपाल आयोजित हुई ।

उन्होंने उपखंड अधिकारी पूजा मीना को विभागों से समस्याओं के निस्तारण की रिपोर्ट लेने के निर्देश दिए।

उन्होंने बीसलपुर पेयजल परियोजना से झुंडवा ग्राम पंचायत में पेयजल की सप्लाई नही होने पर जलदाय विभाग के सहायक अभियंता को पेयजल सप्लाई के कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही गर्मी को देखते हुए ग्राम पंचायत में खराब हैंडपंपो को दुरस्त करने पर जोर दिया।

जिला कलेक्टर ने ग्राम पंचायत में अधूरे सड़क निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए विकास अधिकारी शंकर लाल को मौका निरीक्षण कर सड़क निर्माण कार्य को चालू कराने के निर्देश दिए। रात्रि चौपाल में आए परिवादी हरिराम माधो ने जिला कलेक्टर के समक्ष 6 माह से रुकी हुई वृद्धावस्था पेंशन शुरु करने की गुहार लगाई।

## 'गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है, अफवाहों पर ध्यान न दें'

**खैरथल।** जिले में गैस सिलेंडरों की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच जिला प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से पैनिक न करें।

जिला कलेक्टर ने बताया कि जिले में पूर्व की भांति नियमित रूप से गैस सिलेंडरों की सप्लाई की जा रही है। सभी गैस एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित समय के अनुसार उपभोक्ताओं को सिलेंडर उपलब्ध कराएं, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

जिला रसद अधिकारी राकेश सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में जिले में गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और इनकी सप्लाई भी निरंतर सुचारू रूप से जारी है। उन्होंने कहा कि गैस कंपनियों और एजेंसियों के माध्यम से नियमित रूप से सिलेंडरों की आपूर्ति हो रही है।उन्होंने बताया कि कुछ स्थानों पर सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से गैस की कमी को लेकर भ्रामक जानकारी फैलने के कारण लोगों में अनावश्यक चिंता देखी जा रही है,

- जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने कहा है गैस वितरण से संबंधित कोई भी समस्या आती है तो उपभोक्ता संबंधित गैस एजेंसी या जिला प्रशासन को सूचित करें त्वरित कार्रवाई की जाएगी

जबकि वास्तविकता यह है कि जिले में घरेलू गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। जिला कलेक्टर ने नागरिकों से अपील की है कि वे घबराकर अनावश्यक रूप से अतिरिक्त सिलेंडर बुकिंग या संग्रह करने से बचें और केवल आवश्यकता के अनुसार ही सिलेंडर बुक कराएं। साथ ही यदि किसी को गैस वितरण से संबंधित कोई समस्या आती है तो वह संबंधित गैस एजेंसी या जिला प्रशासन को सूचित कर सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की उपलब्धता पर्याप्त है और आपूर्ति पूर्व की भांति नियमित रूप से जारी रहेगी। इसलिए आमजन को किसी भी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

# तीन दिवसीय नि:शुल्क कृत्रिम अंग उपकरण वितरण शिविर के दूसरे दिन उमड़ी भीड़

**कोटपूतली ।** जिला प्रशासन एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा भारत विकास परिषद शाखा कोटपूतली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय नि:शुल्क विशाल कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर के दूसरे दिन बुधवार को विशेष योग्यजनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। शिविर में आवश्यकता के अनुसार दिव्यांगजनों को विभिन्न सहायक उपकरण प्रदान किए गए। शिविर के दौरान 26 व्हीलचेयर, 20 ट्राइसाइकिल, 16 बैसाखी, 100 कान की मशीन, 4 कृत्रिम हाथ, 15 कृत्रिम पैर, 2 वॉकर तथा 8 वॉकिंग स्टिक दिव्यांग लाभार्थियों को वितरित किए गए।

- शिविर में आवश्यकता के अनुसार दिव्यांगजनों को विभिन्न सहायक उपकरण प्रदान किए



अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण ने निरीक्षण किया।

कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण ने शिविर स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा उपस्थित दिव्यांगजनों से शिविर में मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए पर्याप्त पेयजल एवं छाया की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर विपिन चौधरी, जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष राजेश दीवान, सचिव बजरंग लाल शर्मा, सेवा संयोजक डॉ. अरविंद मित्तल, डॉ. के.एम. गुप्ता, डॉ. वासुदेव गुप्ता, प्रेम गुप्ता, डॉ. अश्विनी गोयल, विनोद गोयल, एडवोकेट अशोक सुरेलिया, अरविंद शरण बंसल, डॉ. दीपक मित्तल, नागरमल, महेश अग्रवाल, अमित शरण सहित समाज कल्याण विभाग के कार्मिक उपस्थित रहे।

## अंबेडकर चेतना समिति प्रतिभाओं को करेगी सम्मानित

**सांभरझील ।** यहां की डॉ.भीमराव अंबेडकर चेतना समिति विभिन्न क्षेत्रों में नाम रोशन करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित करेगी इसके लिए एक बैठक आयोजन कर निर्णय लिया गया। अध्यक्ष विनोद दुलारिया बताते हैं कि आगामी 15 मार्च को काशीराम की जयंती के उपलक्ष पर आईएएस भर्ती परीक्षा में 667 वीं रैंक हासिल करने वाली ज्योति मौर्य, आरएएस में चयनित करिश्मा काला, सपना मौर्य, गिरिराज सांभरिया एवं उपखंड अधिकारी सांभर लेक ऋषि राज कपिल को सम्मानित किया जाएगा। ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर डॉ.भीमराव अंबेडकर, महात्मा ज्योतिबा फुले एवं भारतीय संविधान पर आधारित प्रश्नोत्तरी एवं चित्रकला प्रतियोगिता होगी। कक्षा 10 एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षाओं में 80 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों व स्नातक, स्नातकोत्तर परीक्षाओं में प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को एवं सरकारी सेवाओं में चयनित होने वालो के अलावा प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने वाले को सम्मानित किया जाएगा।

## सार-समाचार

### गोरखनाथ जी महाराज के झंडे हटाने पर विवाद1



**मनोहरपुर ।** कस्बे के शिकारपुरा रोड स्थित नगर पालिका के डंपिंग यार्ड के पास वर्षों से पूज्य गोरखनाथ जी महाराज का धूना व झंडा लगा हुआ है, जो क्षेत्रवासियों की आस्था का केंद्र है। लेकिन नगरपालिका की ओर से डंपिंग यार्ड के विस्तार के दौरान पवित्र झंडों को उखाड़ दिए जाने से ग्रामीणों और श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश फैल गया। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे और नगर पालिका के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही डंपिंग यार्ड को यहां से नहीं हटाया गया तो धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान सोहन यादव ने कहा कि धार्मिक आस्था का अपमान और डंपिंग यार्ड की गंदगी से क्षेत्रवासी काफी परेशान हैं। उन्होंने नगरपालिका प्रशासन से मांग की कि गोरखनाथ जी के झंडों को तुरंत पुनः स्थापित किया जाए और डंपिंग यार्ड को आबादी व धार्मिक स्थल से दूर स्थानांतरित किया जाए, अन्यथा जनता बड़ा आंदोलन करेगी। इस मौके पर मंगल सैनी, राकेश सैनी, अर्जुन सैनी, पीसी सैनी,गोपाल सैनी, आशाराम गुर्जर, विकास सैनी, अशोक प्रजापत, शंकर सैनी, महावीर सैनी, राहुल सैनी,सोमवीर यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।

### हत्या के प्रयास में वांछित 6 इनामी आरोपी गिरफ्तार

**बौंली- बामनवास।** क्षेत्र के बाटोदा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हत्या के प्रयास मामले में दर्ज मुकदमे में फरार वांछित चल रहे छह इनामी आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है बाटोदा थाना प्रभारी जगदीश चंद बताया कि सवाई माधोपुर जिला पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल के निर्देशन में चलाए जा रहे वांछित अपराधियों की धर पकड़ अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीलकमल मीणा बौंली व पुलिस उपाधीक्षक वृत बामनवास सीताराम मीणा के सुपरविजन में बाटोदा थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित टीम ने ग्राम सांचोली निवासी परिवादी लेखराज की दर्ज हत्या के प्रयास रिपोर्ट मामले में फरार 2000 के इनामी 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जो रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से ही अनेको जगह बदलकर पुलिस को चकमा दे रहे थे मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर चंपाराम, दीपक, कमलेश, रवी, मोहन जाति मीणा निवासी बड़ा गांव कहार व कमलेश निवासी सिनोली को कोटा रोड कुस्तला ढाबे से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है गिरफ्तारी के लिए मान टाउन थाना प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता, साइबर सेल के अजीत मोगा, सहायक उप निरीक्षक पुष्पेंद्र व लक्ष्मण हैड कांस्टेबल बुद्धि प्रकाश व संजय, कांस्टेबल केदार, विजय, हंसराज ऋषि, समय सिंह, धर्मवीर व कन्हैया लाल की टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है आरोपियों से पूछताछ कर अग्रिम कार्रवाई और अनुसंधान जारी है

### राज सखी टोंक मेला 16 से

**टोंक।** ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने और महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं राजीविका द्वारा 16 से 22 मार्च 2026 तक "राज सखी टोंक मेला 2026" का आयोजन जिला कलेक्ट्रेट परिसर टोंक में किया जाएगा। मेले के फोल्डर का औपचारिक विमोचन बुधवार को जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने किया। इस दौरान राजीविका के डीपीएम ललित कुमार भी मौजूद रहें।इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने कहा कि यह मेला महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें टोंक जिले के साथ साथ राज्य के अन्य जिलो से स्वयं सहायता समूह भाग लेंगे। मेले के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों, जागरुकता गतिविधियों तथा विभिन्न विभागों की योजनाओं से संबंधित जानकारी भी आमजन को उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में मेले में पहुंचकर महिला स्वयं सहायता समूहों का उत्साहवर्धन करें तथा उनके उत्पादों को खरीदकर उन्हें आत्मनिर्भर बनने में सहयोग दें।राजीविका के डीपीएम ललित कुमार ने बताया कि राज सखी मेले में राज्य के समस्त जिलो के स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए हस्तशिल्प, खाद्य उत्पाद, कपड़े, गृह सज्जा सामग्री, जैविक उत्पाद तथा स्थानीय पारंपरिक वस्तुओं की प्रदर्शनी एवं बिक्री के लिए 50 से 60 स्टाल लगाना प्रस्तावित है। मेले के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को अपने उत्पादों के लिए बेहतर बाजार और आय के नए अवसर प्राप्त होंगे। मेले के आयोजन के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहेंगे।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने जेल का औचक निरीक्षण किया

**किशनगढ़ बास।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खैरथल तिजारा के सचिव रनवीर सिंह ने बुधवार को उपकारगृह किशनगढ़ बास का औचक निरीक्षण कर कारागृह में साफ सफाई, भोजन व्यवस्था, चिकित्सा सुविधायें, विधिक सहायता क्लीनिक की स्थिति का अवलोकन किया और जेल अधीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कुल 141 विचाराधीन बंदी उपस्थित पाए गए।राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खैरथल तिजारा शैलेंद्र व्यास के आदेशानुसार निरीक्षण के लिए औचक पहुंचे जिला सचिव रनवीर सिंह ने कारागृह में साफ सफाई, भोजन व्यवस्था, चिकित्सा सुविधायें, विधिक सहायता क्लीनिक की स्थिति का अवलोकन किया। प्रीजन लीगल एड क्लिनिक का रिकार्ड का जायजा लिया और विचाराधीन बंदियों की समस्याएँ सुनकर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये। निरीक्षण के समय जेल अधीक्षक रविन्द्र उपाध्याय उपस्थित रहे।

### सिलेंडर ब्लैक में बेचने का लगाया आरोप; दोनों पक्ष आपस में उलझे

**अलवर।** ईरान-इजराइल युद्ध के बीच में देश में रसोई गैस की किल्लत बढऩे लगी है। कॉमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई और बुकिंग पूरी तरीके से बंद कर दी गई है। इससे परेशानी बढ़ गई है, जिसका असर आज अलवर में भी देखने को मिला।अलवर में आज सुबह मालवीय नगर चौराहे पर स्थित भारत गैस एजेंसी पर ग्राहक और एजेंसीकर्मी आपस में उलझ गए। नौबत ये आ गई कि भीड़ को देखकर एजेंसी के मालिक ने खुद को चैंबर में बंद कर लिया। ग्राहकों ने गेट को जोर-जोर से बजाया लेकिन वे बाहर नहीं आए।दरअसल, मालवीय नगर में भारत गैस एजेंसी पर आज सुबह कई ग्राहक सिलेंडर लेने पहुंचे थे। वहां मौजूद एक ग्राहक रविंद्र ने बताया कि वह दो दिन से आ रहा है लेकिन उसे सिलेंडर नहीं दिया गया। पता चला है कि सिलेंडर को 1600 रुपए में ब्लैक में बेचा जा रहा है। हालांकि एजेंसीकर्मी ने ऐसे आरोपों को झूठा बताया है।यहां आए एक अन्य ग्राहक ने कहा कि दो-तीन दिन पहले सिलेंडर बुक करा दिया था। इसके बाद भी नहीं मिला। एक ग्राहक ने कहा कि मेरी गैस बुकिंग हो गई लेकिन पर्ची काटकर नहीं दे रहे हैं। ग्राहकों ने बाहर खड़े एक कर्मचारी पर 1500 रुपए में सिलेंडर ब्लैक में बेचने का आरोप लगाया है।

### पुलिस अधीक्षक को सौपा ज्ञापन

**टोंक।** गत 9 मार्च की रात्रि को डी.एस.टी. प्रभारी व टीम द्वारा सुफिया पत्नि इरफान खान निवासी बछैरों का घेर कालीपलटन के घर में घुसकर 2 लाख 50 हजार रूपये नकद व दो सोने की चैने व दो सोने के कडे ले जाने एवं मकान के ए.सी., वाटर आर.ओ., आलमारियां, आदि तोड जाने के मामले को लेकर डीएसटी के खिलाफ सुफिया व परिवाजनो ने जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौपा हैं। ज्ञापन में परिवादी ने बताया कि गत 9 मार्च की रात्रि को जब पीडित महिला सुफिया व उसकी तीन नाबालिग सन्ताने घर पर अकेली थी, तो डीएसटी टीम प्रभारी ओमप्रकाश व अन्य टीम सदस्यों उसके घर आये तथा उस समय महिला के पति बाहर गये हुए थे। पीडित महिला ने बताया कि औमप्रकाश चौधरी ने महिला का हाथ पकडकर धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया, जिसके बाद सोने चांदी की दो चैने और कड़े रखे को छीन लिया तथा गुस्से मे होकर पुलिसकर्मियों ने घर मे रखे हुए सामान को तोड़ फोड़ दिया।